हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of Education Act, 1969)

# प्रेस नोट

**No.BSEH/SRS/2025** **DATE- 09 .12.2025**

**NOTIFICATION 69 /2025**

विषयः– सैकेण्डरी/सी0सै0/पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च–2026 हेतु अराजकीय अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों/गुरूकुल/विद्यापीठ के परीक्षार्थियों के ऑन–लाईन आवेदन बारे।

उपरोक्त विषयांकित परीक्षाओं से संबंधित ऑन–लाईन आवेदन फॉर्म दिनांक 10–12–2025 से बोर्ड की अधिकारिक वैबसाईट **www.bseh.org.in** पर लाईव किए जा रहे हैं।

ऑन–लाईन आवेदन स्वीकार करने की तिथियां व शुल्क का निर्धारण निम्न प्रकार से है:–

| | |
|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथि | 10–12–2025 से 18–12–2025 |
| 100/– रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 19–12–2025 से 22–12–2025 |
| 300/– रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 23–12–2025 से 26–12–2025 |
| 1000/– रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 27–12–2025 से 30–12–2025 |

सैकेण्डरी/पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक कक्षा के अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयी/गुरुकुल/विद्यापीठ परीक्षार्थियों हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क 850/–रूपये, माईग्रेशन शुल्क 50/–रूपये तथा प्रति परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा शुल्क 100/–रूपये है। कुल परीक्षा शुल्क 1000/–रूपये निर्धारित है।

सीनियर सैकेण्डरी/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक के अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयी/गुरुकुल/विद्यापीठ परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क 1000/–रूपये, माईग्रेशन शुल्क 100/–रूपये तथा प्रति परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा शुल्क 100/–रूपये है। कुल परीक्षा शुल्क 1200/–रूपये है। सीनियर सैकेण्डरी/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक कक्षा के नियमित परीक्षार्थियों के लिए अतिरिक्त (ADDITIONAL) विषय का शुल्क 200/–रूपये निर्धारित है।

ऑनलाईन पंजीकरण हेतु सभी विद्यालय मुखिया बोर्ड की अधिकारिक वैबसाईट **www.bseh.org.in** पर दिए गये लिंक पर लॉगिन करें। ऑनलाईन पंजीकरण हेतु दिशा–निर्देश विद्यालय की लॉगिन आई0डी0 पर उपलब्ध है। सभी विद्यालय मुखिया दिशा–निर्देशों को पढ़ने उपरान्त ही परीक्षार्थियों के ऑनलाईन पंजीकरण करना सुनिश्चित करें। सभी विद्यालय मुखिया यह भी सुनिश्चित करें कि उन द्वारा जिन परीक्षार्थियों के ऑनलाईन आवेदन भरे जाने हैं वह रिकार्ड अनुसार ठीक हैं तथा नियमानुसार पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हैं। यदि आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो विद्यालय मुखिया स्वयं जिम्मेवार होंगे। परीक्षा आरम्भ होने के बाद फोटो/हस्ताक्षर सम्बन्धित त्रुटि ठीक नहीं की जाएगी। सभी विद्यालय मुखिया दी गई निर्धारित तिथियों में सभी परीक्षार्थियों के ऑनलाईन पंजीकरण एवं शुल्क जमा करवायें। अन्तिम तिथि उपरान्त कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ऑनलाईन आवेदन करते समय किसी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु हैल्पलाईन नं0 01664–254300 पर सम्पर्क करें।

सचिव